# पुलिस थाना-राजातालाब, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## उत्तर प्रदेश पिन नं-221108

**सी.यू.जी. नं.-7839856924** **ई-मेल-** policerajatalab@gmail.com

# प्रेस नोट

## मु0अ0सं0 0033/2023 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधि0 1986 थाना राजातालाब कमिश्नरेट वाराणसी

श्रीमान पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी महोदय व श्रीमान पुलिस उपायुक्त गोमती जोन कमिश्नरेट वाराणसी व श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त राजातालाब कमिश्नरेट वाराणसी के कुशल नेतृत्व में क्षेत्र में बढते अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 11.11.2023 को प्रभारी निरीक्षक राजातालाब के सहयोग से मै प्र0नि0 मय हमराह का0 अभिषेक पाल मय जीप सरकारी UP 65 AG 0849 मय हे0का0 चालक रविशंकर पाण्डेय थाना जंसा से प्रस्थान कर थाना राजातालाब पंजीकृत मु0अ0सं0 0033/2023 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधि0 1986 में वंछित अभियुक्तगण 1. विकास सिंह उर्फ छोटू पुत्र संतोष सिंह उर्फ मुन्ना निवासी ग्राम महावन थाना राजातालाब जनपद वाराणसी व 2. मणि प्रजापति उर्फ करन पुत्र मृन्देश प्रजापति निवासी ग्राम गजापुर भीखमपुर थाना राजातालाब जनपद वाराणसी की गिरफ्तारी व दविश हेतु थाना राजातालाब से उ0नि0 विवेकानन्द द्विवेदी, का0 लालजीत सरोज व का0 सर्वजीत यादव को हमराह लेकर तलाश वाछिंत अपराधी की चेकिंग में राजातालाब चौराहे के पास मामूर था तथा हमराहियान कर्म0गण के साथ आपस में अपराध एवं अपराधियो के सम्बन्ध में व श्रीमान पुलिस उपायुक्त महो0 द्वारा थाना राजातालाब के पुरस्कार घोषित अपराधियो के विषय मे बातचीत कर रहे थे कि तभी मुखबिर खास ने आकर सूचना दिया कि थाना स्थानीय पर पंजीकृत गैंगेस्टर का अभियुक्त 1. मणि प्रजापति उर्फ करन पुत्र मृन्देश प्रजापति निवासी ग्राम गजापुर भीखमपुर थाना राजातालाब जनपद वाराणसी की तलाश आप लोग कर रहे है वह इस समय अपने घर के पास मौजूद है कही जाने की फिराक में है यदि जल्दी करे तो पकडा जा सकता है मुखबिर खास की बातो पर विश्ववास कर मुखबिर द्वारा दी गयी सूचना को अमल में रखते हुये हमराहियान कर्म0गण को अवगत कराकर मुखबिर खास को साथ लेकर बताये हुये स्थान पर रवाना हुआ अभियुक्त के घर से कुछ दूर पहले ही मुखबिर खास द्वारा इशारा करके बताया गया कि साहब जो घर के बगल में नीला चेकदार सर्ट व जीन्स पैंट पहने व्यक्ति खडा है वही मणि प्रजापति उर्फ करन है इतना कहकर मुखबिर गाडी से उतरकर हट बढ गया जब हम पुलिस वाले उस व्यक्ति की ओर बढे तो हम पुलिस वालो को अपनी ओर आते देख भागने का प्रयास किया कि हमराही कर्म0गण के मदद से दौडकर घेरकर आवश्यक बल प्रयोग करते हुए समय करीब 12.20 बजे दोपहर पकड लिया गया पकडे गये व्यक्ति का नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम मणि प्रजापति उर्फ करन पुत्र मृन्देश प्रजापति निवासी ग्राम गजापुर भीखमपुर थाना राजातालाब जनपद वाराणसी बताया व भागने का कारण पुछा गया तो बताया कि साहब मै गैंगेस्टर का वंछित अभियुक्त हूँ पकडे जाने की डर से भाग रहा था । तब तक आप लोग आ गये । गिरफ्तारी के दौरान माननीय सर्वोच्य न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेश/निर्देश का भली भाति पालन करते हुए व कराते हुए गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी की सूचना मौके पर मौजूद अभियुक्त की माता मीना देवी को दिया गया।

**गिरफ्तार का विवरणः-**

1.. मणि प्रजापति उर्फ करन पुत्र मृन्देश प्रजापति निवासी ग्राम गजापुर भीखमपुर थाना राजातालाब जनपद वाराणसी उम्र करीब 22 वर्ष

**बरामदगी का विवरणः-** निल

**अपराधिक इतिहास-**

1.. मु0अ0सं0 0110/2020 धारा 392/411/506 भादवि थाना मिर्जामुराद जनपद कमिश्नरेट वाराणसी

2. मु0अ0सं0 0033/2023 धारा 3(1) गैगेस्टर अधिनियम थाना राजातालाब कमिश्नरेट वाराणसी

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय -**

दिनांक 11/11/2023 को करीब 12.20 बजे ग्राम गजापुर बाजार थाना राजतालाब जनपद वाराणसी।

**गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-**

1.. श्रीमती सुमित्रा देवी प्रभारी निरीक्षक थाना राजातालाब कमिश्नरेट वाराणसी

2. श्री राकेश पाल प्रभारी निरीक्षक थाना जंसा कमिश्नरेट वाराणसी

3. का0 अभिषेक पाल थाना जंसा कमिश्नरेट वाराणसी

4. उ0नि0 विवेकानन्द द्विवेदी थाना राजातालाब कमिश्नरेट वाराणसी

5. का0 लालजीत सरोज थाना राजातालाब कमिश्नरेट वाराणसी

6. का0 सर्वजीत यादव थाना राजातालाब कमिश्नरेट वाराणसी

प्रभारी निरीक्षक
थाना राजातालाब
पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी